समर टी-20 कप 2026 का 21 फरवरी से होगा आगाज, फाइनल 1 मार्च को

आठ टीमों की रोमांचक टक्कर, क्वार्टर फाइनल 21-22 फरवरी, सेमीफाइनल 28 फरवरी को

समर न्यूज़ | लुधियाना

समर टी-20 कप 2026 के नॉकआउट चरण का आधिकारिक और संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। टूर्नामेंट की शुरुआत 21 फरवरी से होगी और 1 मार्च को फाइनल मुकाबले के साथ इसका समापन होगा। सभी मैच लुधियाना स्थित पीएयू के मैदान में आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार सभी मुकाबले निर्धारित समय पर खेले जाएंगे और तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले 21 और 22 फरवरी को होंगे। 23 से 27 फरवरी तक पिच रिकवरी सप्ताह रखा गया है, जिसके दौरान मैदान को आराम देने के साथ रोलिंग, नमी संतुलन और स्ट्रिप की विशेष तैयारी की जाएगी। सेमीफाइनल 28 फरवरी को खेले जाएंगे, जबकि ग्रैंड फाइनल 1 मार्च को दोपहर 2 बजे आयोजित होगा।

इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी इसमें समर न्यूज स्पार्टन्स, कांग्रेस चैलेंजर्स, अकाली दल डॉल्फिन्स, बीजेपी ब्लास्टर्स, आप एवेंजर्स, एडवोकेट्स ऑल राउंडर्स, लोधी क्लब लायंस और सतलुज क्लब स्टैलियंस टीमें रहेंगी। आयोजकों का कहना है कि इस बार टूर्नामेंट को अधिक रोमांचक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर रोमांचक और प्रतिस्पर्धी मुकाबलों की उम्मीद है।

21 फरवरी को क्रिकेट मैच के क्वार्टर फाइनल

सुबह 9:30 बजेः लोधी क्लब लायंस बनाम सतलुज क्लब स्टैलियंस
दोपहर 1:30 बजेः आप एवेंजर्स बनाम बीजेपी ब्लास्टर्स

22 फरवरी को क्रिकेट मैच के क्वार्टर फाइनल :

सुबह 9:30 बजेः समर न्यूज स्पार्टन्स बनाम अकाली दल डॉल्फिन्स
दोपहर 1:30 बजेः कांग्रेस चैलेंजर्स बनाम एडवोकेट्स ऑल राउंडर्स

सेमीफाइनल और फाइनल मैच

28 फरवरी को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहले सेमीफाइनल में मैच 1 और मैच 2 के विजेता आमने-सामने होंगे, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मैच 3 और मैच 4 के विजेता भिड़ेंगे। ग्रैंड फाइनल 1 मार्च को दोपहर 2 बजे होगा, जहां दोनों सेमीफाइनल के विजेता खिताब के लिए मुकाबला करेंगे।

लुधियाना में व्यापारिक विवाद, पैसे मांगे तो दी जान से मारने की धमकी

लखनऊ के शोरूम मालिकों पर मामला दर्ज

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज

शहर के प्रसिद्ध एसी मार्केट क्षेत्र में दो बड़े व्यापारिक घरानों के बीच का विवाद अब थाने पहुंच गया है। लखनऊ स्थित 'सोनी डिजाइनर स्टूडियो' द्वारा लुधियाना की फर्म 'सनी टेक्स फैब' को कथित तौर पर खराब गुणवत्ता के सूट और डिफेक्टिव लहंगे भेजने और भुगतान को लेकर गाली-गलौज व मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और जांच के आधार पर लखनऊ के दो व्यापारियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

▪ **भरोसा देकर थमाया 'डिफेक्टिव' माल**

शिकायतकर्ता राकेश सचदेवा (निवासी शहीद भगत सिंह नगर), जो एसी मार्केट के पास 'सनी टेक्स फैब' के मालिक हैं, ने बताया कि लखनऊ की फर्म 'सोनी डिजाइनर स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड' के प्रतिनिधियों ने उनसे संपर्क किया था। उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाले हैंड-वर्क सूट और लहंगे का आश्वासन देकर व्यापार शुरू किया। शुरुआती दौर में करीब 30 लाख रुपये का लेनदेन हुआ।

▪ **दुकान में घुसकर मारपीट और धमकी-** आरोप है कि जैसे ही माल वापस लखनऊ पहुंचा, आरोपी आग बबूला हो गए। इसी रंजिश में सुमित गुप्ता और मोहम्मद नदीम लुधियाना स्थित सनी टेक्स फैब की दुकान पर पहुंचे। वहां उन्होंने कर्मचारियों के सामने राकेश सचदेवा के साथ गाली-गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गए। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर वे लखनऊ आए तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा।

सीसीटीवी में कैद हुई करतूत, पुलिस ने दर्ज किया मामला

पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। राकेश सचदेवा ने पेन ड्राइव में वीडियो सबूत के तौर पर पुलिस कमिश्नर कार्यालय को सौंपे। जांच अधिकारी बलदेव सिंह (थाना कोतवाली) ने बताया कि प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए गए हैं। पुलिस कार्रवाई में लखनऊ निवासी आरोपी सुमित गुप्ता और मोहम्मद नाजिम के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

शादियों के सीजन में साख पर बनी बात

राकेश सचदेवा के अनुसार, प्राप्त माल की गुणवत्ता बेहद खराब थी। सूट में कपड़े की कमी, सिलाई में खामी और रंग का अंतर था। जब इसकी शिकायत की गई, तो लखनऊ की फर्म ने स्वीकार किया कि कारीगरों के चले जाने के कारण माल खराब हुआ है और उसे वापस भेजने को कहा। शादियों के सीजन को देखते हुए सनी टेक्स फैब ने शर्तों के तहत बिना बिका और खराब माल वापस भेज दिया, जिसके बाद मात्र 1180 रुपये का बकाया शेष रह गया।

लुधियाना में दिनदहाड़े दहशत

20 मिनट में एक ही लुटेरे की दो वारदात



फोन छीनने की कोशिश करता आरोपी। महिला से झोला झीनकर फरार होता आरोपी। -समर न्यूज

समर न्यूज | लुधियाना

लुधियाना के चंद्र नगर स्थित सिविल सिटी इलाके में दिनदहाड़े झपटमारी की दो घटनाओं ने लोगों में डर और रोष पैदा कर दिया है। मंगलवार दोपहर 20 मिनट में ही एक ही स्कूटी सवार युवक ने दो अलग-अलग गलियों में वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार आरोपी काले रंग की जुपिटर स्कूटी पर सवार था और उसने टोपी वाली स्वेटर पहन रखी थी। वह दोपहर के समय इलाके में घूमता दिखाई दिया। पहली घटना में उसने एक गली में जा रही महिला को निशाना बनाया और उसका आईफोन छीनने का प्रयास किया। हालांकि महिला के सतर्क होने के कारण आरोपी मोबाइल छीनने में नाकाम रहा और तुरंत मौके से फरार हो गया। पहली कोशिश में असफल रहने के करीब 10 से 15 मिनट बाद उसी युवक ने पास की दूसरी गली में फिर वारदात की। यहां एक महिला घर से सामान लेने के लिए बाहर निकली थी। आरोपी ने झपट्टा मारकर महिला का झोला छीन लिया और तेजी से स्कूटी लेकर भाग निकला। पीड़ित महिला ने शोर मचाते हुए आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह तेज रफ्तार वाहन के कारण हाथ नहीं आया। दोपहर के समय हुई इन घटनाओं से सिविल सिटी के निवासियों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब दिन के उजाले में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, तो पुलिस गश्त व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। एक ही व्यक्ति द्वारा इतने कम समय में दो जगह वारदात की कोशिश करना प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती माना जा रहा है।

लुधियाना के कडियाना कलां में राइस मिल से 120 बोरी चावल चोरी

समर न्यूज | लुधियाना

लुधियाना के गांव कडियाना कलां स्थित गुरु कृपा राइस मिल में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। 16 और 17 फरवरी की दरम्यानी रात चोरों ने मिल के पिछले हिस्से से दीवार फांदकर और रोशनदान तोड़कर अंदर प्रवेश किया तथा करीब 120 बोरी चावल (प्रत्येक 50 किलो) चोरी कर लिए। मिल के मालिक सिमरनजोत सिंह ने बताया कि वारदात का पता उन्हें सुबह तब चला जब पड़ोसी ने मिल के बाहर चावल बिखरे होने की सूचना दी। इसके बाद जब सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो खुलासा हुआ कि रात करीब 11 बजे चोर रोशनदान तोड़कर अंदर दाखिल हुए और करीब 2:30 बजे तक चावल की बोरियां वाहन में लादकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

माँ वैष्णो देवी मंदिर में शिव पार्वती की मूर्ति स्थापना

हर हर महादेव,जयकारा बीर बजरंगे हर हर महादेव,बम बम भोले के जयघोष गूंजा जमालपुर

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

भगवान शिव व माता पार्वती परिवार की मूर्ति स्थापना के दौरान मौजूद प्रधान पवन शैंटी, कृष्ण शर्मा व अन्य। हवन यज्ञ करवाते पंडित दलबीर अत्रि वि उपस्थित प्रधान पवन शैंटी और सदस्यगण। -समर न्यूज

आज जमालपुर की एच ई कालोनी में श्री वैष्णो देवी माता मंदिर में शिव पार्वती परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कर शिव परिवार की मूर्ति की स्थापना की गई। इस दौरान मंदिर के प्रांगण में पंडित दलबीर अत्री ने मंत्रोचारण कर सर्वप्रथम गणेश पूजन व उसके बाद नौ ग्रह पूजन करवा पूजा आरम्भ की।मूर्ति स्थापना पूजन में यजमान के तौर मंदिर प्रधान पवन मकोल शैंटी,रानी मकोल,तुषार मकोल,अर्श मकोल,चेयरमैन कृष्ण शर्मा,रजनी शर्मा,दलजीत सिंह ने परिवार सहित करवाई।इस दौरान मंदिर की संस्थापक सावित्री देवा विशेष तौर पर पहुँची। शिव पार्वती परिवार स्थापना कार्यक्रम की जानकारी देते मंदिर प्रधान पवन मकौल शैंटी व चेयरमैन कृष्ण शर्मा ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य के चलते शिवालय की जगह का स्थानांतरण किया गया उसके बाद आज शिवालय के साथ ही मंदिर में शिव पार्वती परिवार की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर विधिवत पूजा के बाद मूर्ति को स्थापित किया गया है स्थापना के बाद मंदिर में हवन यज्ञ भी किया गया जिसमे वहाँ उपस्थित सभी इलाका वासियो ने आहुति डाली और पूर्ण आहुति के बाद यज्ञ सम्पूर्ण किया गया। वही स्थापना कार्यक्रम में हवन यज्ञ के बाद मंदिर की भजन मंडली की रजनी शर्मा,रानी मकोल, बाला गर्ग द्वारा संकीर्तन का आयोजन कर सुंदर भजन गा वहाँ उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर नाचने पर मजबूर कर दिया।इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा हर हर महादेव, जयकारा बीर बजरंगे हर हर महादेव,बम बम भोले के जयघोष लगाए गए, जिससे सारा मंदिर प्रांगण गूंज उठा। वही अंत में मंदिर में भगवान को भोग लगा छोले पूड़ियो व खीर का लंगर,लड्डूओ का प्रसाद व फल श्रद्धालुओं में बांटा गया। आज इस मौके पर मंदिर प्रधान पवन मकोल शैंटी, रानी मकोल प्रधान कृष्ण शर्मा, रजनी शर्मा,पार्षद पति पिंकू शर्मा, पार्षद शोभा शर्मा, तुषार मकोल, अर्श मकोल, अभिषेक कुमार, पवन कुमार, कमलेश शर्मा, भावना बत्तरा, गोल्डी बत्तरा, चन्द्रभूषण अवधेश सिंघल, शैली सिंघल, मंजू शर्मा, अंजू शर्मा, रेणु राधे, ऋतिक शर्मा, सुलोचना गर्ग, नरेश बांसल, बबलू भान, बाला गर्ग, विपन गर्ग सहित सैकड़ो श्रद्धालुलो उपस्थित हो भगवान शिव व माता पार्वती का आशीर्वाद लिया।

साहनेवाल में 20 से 23 फरवरी 2026 तक होगा मैक ऑटो एक्सपो का 15वां एडिशन

रविंदर | लुधियाना
समर न्यूज

मशीन टूल्स और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत की अग्रणी औद्योगिक प्रदर्शनी मैक ऑटो एक्सपो 2026 का 15वां संस्करण 20 से 23 फरवरी 2026 तक लुधियाना प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित किया जाएगा। पार्क प्लाजा होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजकों ने बताया कि यह प्रदर्शनी देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में लुधियाना की पहचान को और मजबूत करेगी। इसमें देश-विदेश के निर्माता, सप्लायर, टेक्नोलॉजी प्रदाता, एमएसएमई, ओईएम और ट्रेड विजिटर्स एक ही मंच पर उपस्थित होंगे। प्रदर्शनी में सीएनसी मशीनें, वीएमसी, एचएमसी, टर्निंग सेंटर्स, ग्राइंडिंग मशीनरी, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स, फैक्ट्री ऑटोमेशन सिस्टम्स, वेल्डिंग तकनीक, इंडस्ट्री 4.0, AI-आधारित ऑटोमेशन सिस्टम्स और प्रिसीजन इंजीनियरिंग उपकरण जैसी श्रेणियां शामिल होंगी। विजिटर्स लाइव डेमोंस्ट्रेशन और नए उत्पादों की लॉन्चिंग देख सकेंगे। चेंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग के अध्यक्ष उपकार सिंह आहूजा ने बताया कि इस बार प्रदर्शनी पिछले संस्करणों से भी अधिक भव्य होगी और इसमें 13 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। एसोसिएशन ऑफ लुधियाना मशीन टूल्स इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष तरलोचन सिंह ने कहा कि 650 से अधिक प्रतिभागी और बड़ी संख्या में उद्योग प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। एमडी जी.एस. ढिल्लों ने बताया कि 50 हजार से अधिक विज़िटर्स और 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने की संभावना है। यह आयोजन ऑटोमोटिव, साइकिल, कृषि मशीनरी, ऑटो कंपोनेंट्स, फैब्रिकेशन, कास्टिंग, फोर्जिंग और हेवी इंजीनियरिंग क्षेत्रों से जुड़े उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। मैक ऑटो एक्सपो 2026 तकनीकी प्रगति, नेटवर्किंग और रणनीतिक साझेदारियों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा।

शहीद भगत सिंह नगर में 16 गलियां तैयार

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज

दुगरी के धांधरा रोड स्थित शहीद भगत सिंह नगर में लंबे समय से खराब पड़ी गलियों और बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों को अब राहत मिलती दिख रही है। क्षेत्र में नई गलियों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। सोमवार तक कई गलियां बनकर तैयार हो चुकी हैं। सरपंच संजय तिवाड़ी ने बताया कि उन्हें कार्यभार संभाले एक वर्ष से अधिक समय हो चुका है। इस दौरान अब तक कुल 16 गलियों का निर्माण कार्य पूरा कराया जा चुका है। उनका कहना है कि पंचायत द्वारा जिस भी कार्य की शुरुआत की जाती है, उसे पूरा करने के बाद ही दूसरा काम शुरू किया जाता है और कोई भी विकास कार्य लंबित नहीं रखा गया है। मोहल्ले की महिलाओं

जानकारी देते सरपंच संजय तिवाड़ी और अन्य। -समर न्यूज

ने बताया कि पूर्व सरपंचों के कार्यकाल में वे 10 से 15 बार कार्यालय के चक्कर लगा चुकी थीं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। उनका कहना है कि मौजूदा सरपंच से एक बार सामूहिक रूप से मिलने के बाद ही कुछ दिनों में काम शुरू कर दिया गया। सरपंच तिवाड़ी ने कहा कि जैसे-जैसे ग्रांट प्राप्त होती जाएगी, क्षेत्र में अन्य विकास कार्य भी चरणबद्ध तरीके से किए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

मां बगलामुखी धाम में आखंड यज्ञ स्थल पर तुलसी पूजन कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

सुनील | लुधियाना
समर न्यूज

मां बगलामुखी धाम में चल रहे 243 घंटे के 11 दिवसीय अखंड यज्ञ के आठवें दिन बुधवार को श्रद्धा, आध्यात्म और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम देखने को मिला। यज्ञ स्थल पर तुलसी पूजन कर महंत प्रवीण चौधरी ने उपस्थित श्रद्धालुओं व स्वयंसेवकों को पर्यावरण की रक्षा का सामूहिक संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए प्रकृति के विरुद्ध कार्य कर प्रदूषण के ऐसे बीज बो दिए हैं, जिनसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संकट खड़ा हो गया है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने दूषित होते वातावरण पर गीतों और कविताओं के माध्यम से संदेश देकर सभी को जागरूक किया। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने मां बगलामुखी को वस्त्र व भोग अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता जीवन गुप्ता, जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान तथा पार्षद अनिल भारद्वाज सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने यज्ञ में आहुतियां डालकर धर्म लाभ लिया। सायंकालीन भजन संध्या में भजन गायकों ने भक्तिमय प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया और मां से भक्तों के कष्ट दूर करने की प्रार्थना की। धाम के सेवादार मनप्रीत छतवाल ने बताया कि पर्यावरण समर्पित इस आयोजन के अंतर्गत श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप तुलसी के पौधे वितरित किए जा रहे हैं, ताकि हर घर में हरियाली का संदेश पहुंचे और लोग प्रकृति संरक्षण के प्रति प्रेरित हों। आयोजन में बड़ी संख्या में सेवादारों और श्रद्धालुओं ने सेवा कार्यों में भाग लिया तथा अनुशासन और श्रद्धा के साथ अनुष्ठानों को संपन्न कराया। आयोजकों ने जानकारी दी कि 21 फरवरी को समापन समारोह के अवसर पर विशेष भजन संध्या आयोजित होगी।

सुखविंदर सिंह बिंद्रा ऑनरेरी डॉक्टरेट डिग्री से सम्मानित

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

देश भगत यूनिवर्सिटी ने डिग्री वितरण समारोह के दौरान सुखविंदर सिंह बिंद्रा (मेंबर,एनआईएसडी एवं स्पेशल मेंबर/इनवाइट, एनसीसीडीआर , मिनिस्ट्री ऑफ़ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट) को अच्छे नेतृत्व, और यूथ एम्पावरमेंट और गुड गवर्नेंस में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'ऑनरेरी डॉक्टरेट डिग्री' से सम्मानित किया। इस अवसर पर बिंद्रा ने कहा कि उनका विभाग पंजाब के युवाओं की भलाई और उन्हें नशे से दूर रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए भविष्य में स्पोर्ट्स किट वितरण और जागरूकता कार्यक्रमों को और तेज़ करने की बात कही। पूर्व में पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के स्टेट चेयरपर्सन रह चुके बिंद्रा ने कहा कि वे पहले भी युवाओं को खेलों से जोड़ने और नशे से दूर रखने के लिए सक्रिय रहे हैं।

पशु मंडी देशभर से घोड़ा प्रेमियों की भागीदारी, विजेताओं के लिए मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक स्कूटर और नकद पुरस्कार

जगराओं के हॉर्स शो में देशभर से पहुंचे 50 घोड़ों की लगाई प्रदर्शनी

राज बब्बर | जगराओं
समर न्यूज

जगराओं के निकट गुरुद्वारा नानकसर के मैदान में मंगलवार को 'श्री हरगोबिंद साहिब जी हॉर्स शो' के नाम से तीन दिवसीय घोड़ों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से घोड़ा प्रेमी अपने उत्कृष्ट नस्ल के घोड़ों के साथ भाग लेने पहुंचे हैं।

आयोजन के पहले दिन करीब 50 घोड़ों की प्रदर्शनी लगाई गई। जजों द्वारा घोड़ों की नस्ल, ब्रीड क्वालिटी, कद-काठी के साथ-साथ उनकी चाल और दौड़ने की शैली का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता घोड़ों के मालिकों को मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक स्कूटर और नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

पहले दिन होर्स शो को आरंभ करते। -समर न्यूज

कार्यक्रम के आयोजक प्रितपाल सिंह ने बताया कि इस हॉर्स शो का उद्देश्य देशभर के घोड़ा प्रेमियों को एक मंच पर लाना है। उन्होंने कहा कि किसान खेती के साथ-साथ उच्च नस्ल के घोड़े पालकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि यह शो पहली बार आयोजित किया गया है। यदि लोगों का सहयोग और उत्साह इसी तरह बना रहा, तो भविष्य में इसे प्रतिवर्ष आयोजित करने की योजना है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 165